## दैनिक पंचांग

11 नवम्बर 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



| ग्रह | स्थिति | ग्रह | स्थिति |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | लग्नारंभ समय | |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृश्चिक | 06.40 पर से |
| मंगल | कर्क में | धनु | 08.56 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 11.01 बजे से |
| गुरु | सिंह में | कुंभ | 12.48 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 14.21 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 15.51 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 17.31 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 19.29 बजे से |
| | | कर्क | 21.43 बजे से |
| | | सिंह | 23.59 बजे से |
| | | कन्या | 02.11 बजे से |
| | | तुला | 04.22 बजे से |

राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक

चन्द्रायु 1.7 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 17° 22'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872890
जूलियन दिन 2461355.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1448
महीना जमादि उलाखर तारीख 30
विशेष भाई दूज, यम द्वितीया, चित्रगुप्त पूजा।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार हो देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### नील ग्रहन के नक्षत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 5 | 6 |
| 346 | 248 | 348 | 259 |
| 490 | 338 | 366 | 349 |
| 599 | 347 | 690 | 358 |

दिन-390-257

मधुर डे-148-188 मधुर नाइट-

मिलन डे-447-146 मिलन नाइट-

### भविष्यफल

**आज जन्म लिए बालक का फल.....**

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक शुक्ल पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय, पूर्वे शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, दोज, बुधवार, अनुराधा नक्षत्रे, आद्य योगे, कौलव करणे, वृश्चिक की चंद्रमा, जमात उस्मानी 6 मुर्हूत, मातृ द्वितीय भगनी गृहे भोजनम फल द्रव्याप्ति भगनी पूजनम यम द्वितीया तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम फलदायक होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमानी, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, कुशल शासक-प्रशासक, धनी-मानी, कपड़ा-किराना व्यापारी होगा।

**मेष राशि :** मनोबल उत्साहवर्धक होगा, व्यवसायिक वृत्ति में सुधार अवश्य ही होगा।

**वृष राशि :** कार्य-कुशलता से संतोष होगा, इष्ट-मित्रों से कुछ मानसिक बेचैनी बढ़ेगी।

**मिथुन राशि :** अनावश्यक बेचैनी तथा धन हानि संभव है, तनाव पूर्ण वातावरण बनेगा।

**कर्क राशि :** इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे, इधर-उधर भटकना पड़ेगा, दूसरों के कार्य बनेंगे ध्यान दें।

**सिंह राशि :** सतर्कता से कार्य करें, अधिकारी वर्ग असमंजस में रखेगा, वातावरण अनुकूल होगा।

**कन्या राशि :** रुके हुये कार्य निपटा लें, बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, कार्य बन जायेगा।

**तुला राशि :** स्त्री-वर्ग से हर्ष-उल्लास तथा कार्य-व्यवसाय गति अनुकूल बनेगी ध्यान रखें।

**वृश्चिक राशि :** मानसिक विभ्रम रहेगा, इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे, स्त्री-वर्ग से हर्ष होगा।

**धनु राशि :** तनाव व अरोप से बचिये, वाद-विवाद की संभावना बनेगी, यात्रा होगी।

**मकर राशि :** शुभ समाचार हर्षयुक्त रखेगा, स्थिति यथावत् रहे, इष्ट-मित्र सहयोगी होगा।

**कुंभ राशि :** चित्तायें मन को बेचैनी रखेंगी, तनाव, क्लेश व अशांति, मनोबल बढ़ेगा।

**मीन राशि :** प्रयत्न निष्फल होगा, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, व्यवसायिक व्यवस्था बनेगी।

## चंद्र गुरु युति का रहस्य

प्राचीन ऋषियों ने आकाश को मात्र प्रकाश का सागर नहीं, बल्कि कर्म और चेतना का जीवंत गणित माना। ग्रहचंद्रगुरुयुति या गजकेसरी योग उसी गणित का एक अद्भुत अध्याय है, जिसमें चंद्रमा (मन और भावनाओं का कारक) और गुरु (ज्ञान, विस्तार और धर्म का देव) केंद्र भावों में एक-दूसरे के प्रभाव में आकर ब्रह्मांडीय शक्ति उत्पन्न करते हैं।

### युति की गणना

जब ग्रगुरुऽचंद्रमा की दीर्घांश में अंतर 0ए से 15ए के बीच हो (सामान्य युति), या केंद्र स्थिति (1,4,7,10 भाव) में हों। सूर्य सिद्धांत में स्पष्ट स्थान की गणना मध्यम स्थान से संस्कार द्वारा होती है-

स्पष्ट = मध्यम -मंदफल -शीघ्रफल (त्रिभुजाकार मॉडल पर आधारित)।

कर्क लग्न में यह योग विशेष-कर्क चंद्रमा की स्वराशि है, गुरु यहां उच्च राशि (e&alted) में शक्तिशाली होता है। लग्न स्वामी चंद्रमा और 9वें/6ठे स्वामी गुरु का केंद्र संबंध बुद्धि (5वें भाव प्रभाव), सम्मान (10वें), धन (11वें/2nd) और भाग्य (9वें) को प्रबल बनाता है। गणितीय रुप से, कर्क में गुरु की declination और चंद्रमा की latitude का संयोग अधिक सकारात्मक फल देता है।

### दुर्लभ तांत्रिक और ज्योतिषीय उपाय

गुप्त चंद्र-गुरु बीजाक्षर साधना- सोमवार को चंद्रमा के उदय काल में ऊं ऐं ह्रीं श्रीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद गजकेसरि नमः का 108 बार जप। साथ में सफेद कमल पर गुरु-चंद्र यंत्र (दोनों ग्रहों की स्वराशि में) बनाकर रखें। यह तंत्र शास्त्र के अनुसार मन को सात्विक बनाता है।

रहस्यमयी धातु साधना- चांदी की छोटी डिब्बी में शुद्ध पीला पुखराज (गुरु) और मोती (चंद्र) रखकर, कर्क राशि के दिन (सोमवार) गंगा जल में डुबोकर लगाएं। इसे गजकेसरी अमृत कहते हैं – यह गुरु की उच्चता और चंद्र की शीतलता का मिश्रण है।

तांत्रिक दृष्टि जागरण- रात के 12 बजे (अमावस्या के पास) उत्तर-पूर्व दिशा में बैठकर, ऊं बृहस्पतये चन्द्राय नमः का जप करते हुए कल्पना करें कि चंद्रमा की श्वेत किरणें गुरु की पीली किरणों से मिल रही हैं। यह न्यूरोप्लास्टिसिटी बढ़ाता है

कर्क लग्न विशेष- पीपल वृक्ष की जड़ में दूध-केसर मिश्रित जल चढ़ाएं और ऊं कर्केऽश्राय नमः का जप। यह लग्न स्वामी चंद्रमा को बल देता है।

चंद्र-गुरु युति ब्रह्मांड का वह गुप्त कोड है जो मनुष्य को सिंहासन दे सकता है, परंतु केवल शुद्ध कर्म और सात्विकता से।

**गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता, राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009**

# इंदौर के भक्तों ने जो श्रद्धा और विश्वास प्रदर्शित किया है, उसे हमेशा याद रखूंगा

इंदौर। सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में छत्रपति नगर स्थित, दलाल बाग परिसर में निर्मित विद्या-सुधा मंडप में संत शिरोमणि प.पू. विद्यासागर म.सा. के परम प्रभावक शिष्य और राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर महाराज के सानिध्य में चल रहे चातुर्मास महोत्सव का निष्ठापन बहुत भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।



जब राष्ट्रसंत ने कहा कि इंदौर के भक्तों, साधकों और धर्मनिष्ठ लोगों ने जो श्रद्धा और विश्वास प्रदर्शित किया है उसे हमेशा याद रखूंगा। मुझे लग ही नहीं रहा है कि इंदौर के चातुर्मास का निष्ठापन कर रहा हूँ बल्कि यह लग रहा है कि मैं तो चातुर्मास की स्थापना कर रहा हूँ।

राष्ट्रसंत ने कहा कि सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा के प्रेम और श्रद्धा की ताकत ही मुझे इंदौर खींच लाई। समाज में नेता, कार्यकर्ता और सेठ लोग प्रमुख होते हैं लेकिन आनंद गोधा की भक्ति सबसे बड़ी साबित हुई जो गुना से इंदौर तक विहार के दौरान मेरे साथ पैदल चले। यह गोधा बंधुओं की अगाध निष्ठा और श्रद्धा का ही परिणाम है कि देशभर के साधकों को इंदौर में इतना आनंद और पुण्य प्राप्त हुआ। राष्ट्रसंत प.पू. सुधासागर म.सा. ने चातुर्मास निष्ठापन की विधि करीब 20 मिनिट में ब्रह्मचारी प्रदीप भैया के निर्देशन में सम्पन्न की। इस अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य 5 परिवारों ने प्राप्त किया जबकि चातुर्मास के कलश का लाभ नवीन-शिवानी गोधा, आनंद-अंतिका गोधा, हर्ष-तृप्ति जैन, आकाश-दीपिका कोयला, अशोक-रानी डोसी, सौरभ-शुचि बडजात्या एवं आशारानी पंड्या ने लिया। इस दौरान धर्मसभा में अनेक भावुक दृश्य भी देखने को मिले। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रसंत सुधासागर म.सा. का शहर में मंगल प्रवेश गत 26 जून को हुआ और उसके बाद से ही दलाल बाग पर निर्मित विद्या-सुधा मंडप में देशभर के समाज बंधुओं की मौजूदगी में चातुर्मास का दिव्य अनुष्ठान 9 नवम्बर तक नियमित रूप से अत्यंत हर्षोल्लास के बीच जारी रहा।

धर्मसभा के पूर्व प.पू. राष्ट्रसंत के सानिध्य में मंगलाष्टक के साथ भगवान के महापूजन का शुभारंभ हुआ। भगवान महावीर स्वामी के जयघोष के बीच निर्वाण कल्याणक महोत्सव में महाआराधना के पश्चात निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। इसके बाद चातुर्मास कलश निष्ठापन की विधि प्रारंभ हुई जिसमें राष्ट्रसंत के इंदौर आगमन पर की गई कलश स्थापना के कलशों का वितरण भी साधकों को किया गया जिसे वे हर्षोल्लास के साथ बैंड-बाजों की मंगल ध्वनि के बीच अपने घर ले गए। प्रारम्भ में आयोजन समिति की ओर से चक्रवर्ती अध्यक्ष नवीन-शिवानी गोधा, सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद-अंतिका गोधा, चक्रवर्ती मनीष-सपना गोधा, अध्यक्ष अशोक डोसी, महामंत्री हर्ष-तृप्ति जैन, आकाश जैन कोयला, विजय धुर्रा, प्रिंसपाल टोंग्या, संजय पाटोदी, सौरभ बडजात्या, राहुल सेठी एवं भूपेंद्र भोपाली आदि ने साधकों की अगवानी की। संध्या को जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम में भी उन्होंने साधकों के अनेक प्रश्नों के उत्तर दिए और उनका समाधान किया।



## सफाई कामगार मस्टर श्रमिक सहकारी साख संस्था में गरिमामय दीपावली पूजन समारोह सम्पन्न

इन्दौर। दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में सफाई कामगार मस्टर श्रमिक सहकारी साख संस्था, इंदौर द्वारा निगम प्रांगण स्थित कार्यालय में विधि-विधान एवं हर्षोल्लास के साथ दीपावली पूजन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया जी, निगमायुक्त श्री क्षितिज सिंघल जी एवं अपर आयुक्त वित्त श्री देवधर दरवाई जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान इंदौर शहर वाल्मीकि युवा संगठन के अध्यक्ष श्री लीलाधर करोसिया जी एवं सहकारी संस्था के अध्यक्ष श्री अंकित करोसिया एवं सभी वरिष्ठ समाजजन श्री शंकर गोसर,श्री बालकृष्ण घेंघट,श्री शंकर चिंतामन,श्री सुभाष धोलपुरे, श्री राजाराम चुटेल , श्रीविष्णु डंगोरिया,श्री टोनी सिरसिया,श्री अरविंद चावरे द्वारा संस्था के सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए मिठाई एवं उपहार वितरित किए गए।

अतिथियों ने सभी सफाई कामगारों एवं उनके परिवारों को दीपावली की मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम में आपसी सौहार्द, सहयोग एवं संगठनात्मक एकजुटता का भाव देखने को मिला। यह आयोजन दीपोत्सव की खुशियाँ साझा करने के साथ-साथ सफाई कामगार परिवारों के सम्मान, सहभागिता एवं आत्मीयता को समर्पित रहा।



इन्दौर। छत्रीबाग में सराफा व्यापारियों का दीपावली मिलन समारोह हुआ।

### साधुमार्गी जैन समता संघ से जुड़े परिवारों ने निर्वाण दिवस पर

## रात तीन बजे से प्रारम्भ किया भगवान महावीर स्वामी का स्तुति गान

इन्दौर। साधुमार्गी जैन समता संघ से जुड़े परिवारों ने बीती रात 3 बजे से भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में पुच्छिसुन्नम स्तुति का सामूहिक गान किया जिसमें भगवान महावीर स्वामी को 29 उपमाओं से अलंकृत किया गया है।

इसके लिए गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन, विन्ध्याचल नगर स्थित अरिहंत आराधना भवन और यशवंत निवास रोड स्थित समता भवन पर अलसुबह सैकड़ों साधकों ने उपस्थित होकर श्रद्धा, भक्ति एवं समर्पण के साथ इस विशेष आराधना का लाभ लिया।

साधुमार्गी जैन समता संघ के अध्यक्ष पारस बोहरा एवं मीडिया प्रभारी मनीष बोहरा ने बताया कि तीनों स्थानों पर आचार्य भगवन रामलाल म.सा. की प्रेरणा से गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन पर शासन दीपक आदित्य मुनि म.सा. एवं अटल मुनि म.सा. के सानिध्य में तथा विन्ध्याचल नगर श्रावक संघ के तत्वावधान में अरिहंत जैन आराधना भवन पर मुनिराज श्रीनिर्वाण मुनि म.सा. और यशवंत निवास रोड स्थित समता भवन पर शासन दीपिका श्री कांता श्रीजी म.सा. के सानिध्य में सुबह से ही विशेष धार्मिक आराधना एवं स्वाध्याय के कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुए। भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस को संघ से जुड़े परिवारों द्वारा वीर निर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसमें पुच्छिसुन्नम स्तुति गान और उसके पश्चात उत्तराध्ययन सूत्र के 32 अध्यायों का वाचन होता है। विन्ध्याचल नगर में वर्धमान श्रावक संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र चोपड़ा एवं महामंत्री वीरेन्द्र बोडाना ने सभी साधकों की अगवानी की।

## गोकुलम गौशाला पर गोवर्धन पूजन सम्पन्न

**इंदौर।** विश्व हिन्दू परिषद गौरक्षा विभाग मालवा प्रान्त द्वारा यशवंत सागर स्थित गोकुलम गौशाला पर गोवर्धन एवं गौवंश पूजन का कार्यक्रम बजरंग दल के सहसंयोजक यश बचाणी एवं संतोष वर्मा के आतिथ्य में किया गया। इस मौके पर गाय के गोबर से गिरिराज भगवान की आकृति बनाकर फूलों एवं पंखुड़ियों से आकर्षक श्रृंगार किया गया।

मंडल के प्रमुख और विहिप के मालवा प्रान्त सहगौशाला संपर्क प्रमुख योगेश होलानी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम में गौसेवक रविशंकर कश्यप, अभिषेक पाण्डेय, बालकृष्ण चांदना, पवन पाण्डेय सहित अनेक गौभक्त उपस्थित थे जिन्होंने गोवर्धन पूजन में भाग लिया। इस अवसर पर गौशाला में कार्यरत गौसेवकों एवं ग्वाला परिवारों का भी सम्मान किया गया। गौवंश को पौष्टिक आहार के लड्डू खिलाकर गौभक्तों ने पुण्य लाभ उठाया।



## कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न

**इन्दौर।** प्रत्येक मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी कलेक्टर कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के नागरिकों ने उपस्थित होकर अपनी विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने आवेदकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्यवाई करते हुए निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में मुख्य रूप से प्लॉट एवं संपत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता तथा रोजगार से संबंधित प्रकरण सामने आए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता एवं सहानुभूतिपूर्वक सुना तथा संबंधित प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए निराकरण सुनिश्चित किया।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाईदूज पर बहनों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए की प्रार्थना

**इन्दौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाईदूज के पावन अवसर पर बाबा महाकाल से प्रदेश की सभी बहनों के जीवन में सदैव सुख-समृद्धि और खुशहाली बनाएं रखने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहन का प्रेम, जीवन की अनमोल पूंजी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़ी बहन कलावती दीदी से उज्जैन में आज मंगलवार को स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया।

### श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में 13वीं राष्ट्रीय छात्र भौतिकी संगोष्ठी NSSP–2026 का भव्य समापन

## 13वीं राष्ट्रीय छात्र भौतिकी संगोष्ठी का समापन

इंदौर। श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, इंदौर में भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ, रीजनल काउंसिल-09, मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 13वीं राष्ट्रीय छात्र भौतिकी संगोष्ठी का समापन हुआ।

इस संगोष्ठी में देश के 10 राज्यों के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से 125 से अधिक विद्यार्थियों एवं युवा शोधकर्ताओं ने सहभागिता की।

संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में प्रो. कौस्तुभ आर. एस. प्रियोलकर मुख्य अतिथि तथा प्रो. पी. के. अहलूवालिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए तथा वैज्ञानिकों एवं शिक्षाविदों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों ने राजा रमन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी , प्रकाश विज्ञान संग्रहालय एवं AIC-Pi-Hub का भ्रमण किया। इस दौरान RRCAT के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बी. एन. उपाध्याय ने लेज़र भौतिकी तथा डॉ. अमलेंदु शर्मा ने त्वरक भौतिकी एवं उसके अनुप्रयोगों पर व्याख्यान दिए।



समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चंद्र गोस्वामी ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जिज्ञासा, शोध-आधारित शिक्षा एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया। आयोजन सचिव डॉ. नीतू कटारिया ने आयोजन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, एवं अध्यक्ष डॉ. पी. के. दुबे ने संगोष्ठी की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की जबकि संगोष्ठी के संयोजक डॉ. उत्तम शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## भाईदूज के अवसर पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**इन्दौर।** इंदौर जिले में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा वर्ष 2026 के लिए घोषित स्थानीय अवकाश के अनुसार भाईदूज पर 11 नवम्बर 2026 को स्थानीय अवकाश रहेगा। उक्त अवकाश बैंक और कोषालय पर लागू नहीं होंगे।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम 50 फीसदी से कम रहने पर प्रिंसिपल और शिक्षकों की रुकेगी वेतनवृद्धि

# अब छात्रों के हाथों में शिक्षकों की 'साख और सैलरी'

इन्दौर। फरवरी से शुरू होने वाली दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग ने इस बार बेहद सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। लोक शिक्षण विभाग द्वारा जारी नए और कड़े आदेशों के मुताबिक यदि किसी भी सरकारी स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम रहता है तो संबंधित स्कूल के प्राचार्य (प्रिंसिपल) और उस विषय के शिक्षकों पर सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



बोर्ड परीक्षाओं में इस बार केवल औपचारिक नोटिस जारी कर खानापूर्ति नहीं की जाएगी, बल्कि शिक्षकों की वार्षिक वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) पर रोक लगाकर उन्हें सीधे आर्थिक क्षति पहुंचाई जाएगी। इस सख्त नियम के सामने आते ही जिलेभर के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों और प्राचार्यों में हड़कंप मच गया है।

केवल नोटिस से नहीं चलेगा काम

अभी तक बोर्ड परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों और शिक्षकों के खिलाफ कोई कठोर प्रशासनिक कदम नहीं उठाया जाता था। अमूमन नोटिस जारी कर मामले में औपचारिकता पूरी कर ली जाती थी, लेकिन अब इंक्रीमेंट रोके जाने के प्रावधान से शिक्षकों को बड़ा वित्तीय नुकसान उठाना पड़ेगा, जिसे लेकर शिक्षक वर्ग खासी चिंता में है। इस प्रकार के आर्थिक दंड से शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए शिक्षक अधिक जवाबदेह बनेंगे।

## नार्वे से संगोष्ठी और कवि सम्मेलन में पंचदिवसीय दीपावली पर्व पर लघुकथा एवं काव्यपाठ संपन्न हुआ

**इन्दौर।** स्माइल-दर्पण पत्रिका के तत्वावधान में डिजिटल संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता हरेराम बाजपेयी (इंदौर) ने की जिसमें सुरेश चंद्र शुक्ल ने कथा 'फेक तारीफ' का पाठ किया और संचालन किया।

दूसरे सत्र में संपन्न कवि गोष्ठी की अध्यक्षता की नीरज त्यागी नेतृत्व वंदना प्रस्तुत की प्रेरणा सिंह ने। सुरेश चंद्र शुक्ल की लघु कथा 'फेक तारीफ' पर समीक्षा प्रस्तुत करते हुए डॉ. अर्जुन चौहान और हरेराम बाजपेयी ने कहा कथा सामयिक और अपनी तारीफ में किए जा रहे जनता के पैसे के दुरुपयोग को रेखांकित करती है। यह कथा यशपाल की परंपरा को दिलाती है। काव्य गोष्ठी में जिन्होंने काव्यपाठ किया उनमें मुख्य हैं- नीरज त्यागी, पूर्णिमा गुप्ता, डॉ. राम बाबू गौतम, डॉ. महबूब अली, प्रेरणा सिंह, सरफराज नवाज़, उत्कर्ष, श्री विष्णव एवं डॉ. सुषमा सौम्या, सुरेश चंद्र शुक्ल और हरे राम बाजपेयी जी।